राजधानी सहित राज्यभर में 200 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें एससीइआरटी

प्रीबीएड-प्रीडीएड, आवेदन फार्म का वितरण शुरू

रायपुर (निप्र)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) रायपुर की ओर से 28 अप्रैल को आयोजित होने वाली प्री-बीएड व प्री-डीएड परीक्षा के लिए शुक्रवार से डाकघरों में आवेदन फार्म मिलना शुरू हो गया है। आवेदन फार्म 5 अप्रैल तक जिला मुख्यालय के प्रधान व मुख्य डाकघरों में मिलेंगे। वहीं 6 से 8 अप्रैल तक संभागीय मुख्यालय के प्रधान व मुख्य डाकघरों से आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क का नकद भुगतान कर प्राप्त किए जा सकेंगे। आवेदन पत्र 9 अप्रैल तक निर्धारित डाकघरों में ही बिना डाक शुल्क के जमा किए जाएंगे।

फार्म की कीमत सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 500 रुपए और अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी-एसटी) के लिए 350 रुपए रखी गई है। दोनों परीक्षा के लिए संयुक्त रूप से आवेदन करने पर आवेदकों को 600 रुपए फीस अदा करनी पड़ेगी। व्यापमं के अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा के लिए 65 हजार फार्म की छपाई कराई गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल प्रीबीएड-प्रीडीएड परीक्षा में करीब 60 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

नई दुनिया 29/03/2013